(केवल सरकारी प्रयोग हेतु)

# वार्षिक

# सामान्य प्रशासनिक

# रिपोर्ट

## 2015-2016

योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार
शिमला-171002

*(केवल सरकारी प्रयोग हेतु)*

# वार्षिक
# सामान्य प्रशासनिक
# रिपोर्ट
# 2015-2016

योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार
शिमला-171002

# विषय सूची


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | पृष्ठभूमि एवं परिचय | 1 |
| 2. | योजना विभाग–स्टाफ स्थिति | 1-2 |
| 3. | संगठनात्मक ढांचा | 2 |
| 3.1. | राज्य योजना बोर्ड | 2-4 |
| 3.2. | मुख्यालय | 4 |
| | (1) प्रशासन प्रभाग | 5 |
| | (II) योजना प्रारूपण प्रभाग | 5-6 |
| | (III) योजना कार्यान्वयन | 6-8 |
| | (IV) पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना | 8-9 |
| | (V) क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग | 10-15 |
| | (VI) जन शक्ति एवं रोजगार प्रभाग | 15-16 |
| | (VII) बाह्य सहायता परियोजना/ नवाचार प्रभाग | 16-23 |
| | (VIII) कौशल विकास प्रभाग | 23-24 |
| | (IX) नाबार्ड–ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि प्रभाग | 24-27 |
| | (X) 20–सूत्रीय कार्यक्रम प्रभाग | 27-31 |
| | (XI) रेलवे प्रभाग | 31-33 |
| | (XII) मूल्यांकन प्रभाग | 33 |
| | (XIII) विधायक प्राथमिकता योजना प्रभाग | 33-34 |
| | (XIV) कम्प्यूटर प्रभाग | 34-35 |
| 3.3. | जिला कार्यालय | 36 |
| 4. | सूचना का अधिकार नियम 2005 | 37-43 |

## 1. पृष्ठभूमि एवं परिचय

योजना विभाग का दायित्व योजना प्राथमिकताओं एवं सकल योजना परिव्यय को निर्धारित करना, विभिन्न घटकों / सेवाओं के लिए धनराशि चिन्हांकित करना तथा पंचवर्षीय और वार्षिक योजनाओं को तैयार करना है। इसके अतिरिक्त योजनाओं/परियोजनाओं का मूल्यांकन एवं अध्ययन करना, विकेन्द्रीकृत नीति को बढ़ावा देना, योजना स्कीमों की नियमित समीक्षा, बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजनाओं का विशलेषण और नाबार्ड से निधि प्राप्त आर.आई.डी.एफ. योजनाओं का कार्यान्वयन आदि कार्य योजना विभाग द्वारा किये जा रहे हैं । योजना विभाग द्वारा जन–शक्ति एवं रोजगार सृजन, पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना, 20–सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा, प्रदेश में रेल विस्तार, इत्यादि का कार्य भी किया जा रहा है ।

## 2. योजना विभाग–स्टाफ स्थिति

| क्र0 सं0 | पद नाम | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | अध्यक्ष, रोजगार सृजन एवं संसाधन | 1 | 1 | 0 |
| 2. | अध्यक्ष, 20–सूत्रीय कार्यक्रम | 1 | 1 | 0 |
| 3. | उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड | 1 | 1 | 0 |
| 4. | सलाहकार (योजना) | 1 | 1 | 0 |
| 5. | संयुक्त निदेशक | 1 | 1 | 0 |
| 6. | उप–निदेशक | 6 | 6 | 0 |
| 7. | अनुसंधान अधिकारी/जिला योजना अधिकारी | 20 | 19 | 1 |
| 8. | साख योजना अधिकारी | 10 | 10 | 0 |
| 9. | सहायक अनुसंधान अधिकारी | 17 | 13 | 4 |
| 10. | सांख्यिकीय सहायक | 21 | 10 | 11 |
| 11. | गणक | 6 | 3 | 3 |
| 12. | सिस्टम ऐनालिस्ट | 1 | 0 | 1 |
| 13. | प्रोग्रामर | 1 | 1 | 0 |
| 14. | कार्यक्रम योजना अधिकारी | 2 | 2 | 0 |
| 15 | गणक संचालक | 1 | 0 | 1 |
| 16. | निजि सचिव | 1 | 0 | 1 |
| 17. | निजि सहायक | 2 | 2 | 0 |
| 18. | वरिष्ठ आशुलिपिक | 1 | 1 | 0 |
| 19. | कनिष्ठ आशुलिपिक | 6 | 5 | 1 |
| 20. | आशुटंकक | 3 | 3 | 0 |
| 21. | कनिष्ठ कार्यालय सहायक | 11 | 0 | 11 |
| 22. | अधीक्षक श्रेणी–। | 1 | 1 | 0 |
| 23. | अधीक्षक श्रेणी–।। | 1 | 1 | 0 |
| 24. | वरिष्ठ सहायक | 17 | 17 | 0 |
| 25. | कनिष्ठ सहायक | 1 | 1 | 0 |

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
|---|---|---|---|---|
| 26. | लिपिक | 13 | 11 | 2 |
| 27. | प्रतिलिपि यन्त्र चालक | 1 | 1 | 0 |
| 28. | चालक | 5 | 5 | 0 |
| 29. | चपड़ासी | 20 | 20 | 0 |
| 30. | चौकीदार | 1 | 1 | 0 |
| 31. | फ्राश | 1 | 1 | 0 |
| 32. | जमादार | 1 | 1 | 0 |
| 33. | सफाई कर्मचारी | 1 | 1 | 0 |
| | **कुल** | **177** | **141** | **36** |

* : राज्य योजना बोर्ड तथा 20–सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्षों के वेतन व भत्तों के बारे में सरकार द्वारा उनके मनोनीत होने के समय पर निर्णय लिया जाता है ।

## 3. संगठनात्मक ढांचा

**योजना विभाग के संगठनात्मक ढांचे का विववरण निम्न हैः–**

1. राज्य योजना बोर्ड ।
2. मुख्यालय
3. जिला कार्यालय ।

## 3.1. राज्य योजना बोर्डः

सरकारी एवं गैर–सरकारी सदस्यों को मनोनीत करके राज्य योजना बोर्ड का गठन प्रदेश सरकार द्वारा 12 फरवरी, 2013 को किया गया ।

## I. राज्य योजना बोर्ड की संरचनाः

(i) **अध्यक्ष–माननीय मुख्यमन्त्री**

(ii) **गैर–सरकारी सदस्य**

1. समस्त केबिनेट मंत्री, हिमाचल प्रदेश ।
2. हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धित समस्त सांसद (लोक सभा एवं राज्य सभा) – अलग से अधिसूचित ।
3. किसान, उद्योग एवं व्यापार, अनुसूचित जाति,जन–जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के एक–एक प्रतिनिधि – अलग से अधिसूचित ।
4. भूतपूर्व सांसद/विधायक एवं वर्तमान विधायक – अलग से अधिसूचित ।
5. सेवानिवृत मुख्य सचिव/सरकारी अधिकारी–अलग से अधिसूचित ।

(iii) **सरकारी सदस्य**

1. मुख्य सचिव
2. समस्त प्रशासनिक सचिव
3. हिमाचल प्रदेश में समस्त सरकारी विश्वविद्यालयों के उप–कुलपति

(iv) **पदेन सदस्य (Ex Officio)**

1. अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज
2. सी.जी.एम. नाबार्ड, शिमला

(v) **सदस्य सचिव : सलाहकार (योजना)**

II. **नियुक्ति की शर्तेः** सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाती हैं ।

III. **योजना बोर्ड मुख्यालयः** योजना बोर्ड का मुख्यालय शिमला है परन्तु इसकी बैठकें किसी भी स्थान पर अध्यक्ष की अनुमति से की जा सकती हैं ।

IV. **योजना बोर्ड के कार्यः**

- राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप प्रदेश की योजना प्राथमिकताओं का निर्धारण ।
- वित्तीय संसाधनों एवं जन–शक्ति की संगठनात्मक एवं संस्थापक योग्यताओं का आकलन ।
- प्रदेश में महत्वपूर्ण सैक्टर, जिलों,क्षेत्रों इत्यादि में विकास का आकलन ।
- प्रदेश के सीमित संसाधनों के इष्टतम् उपयोग हेतु योजना तैयार करना, राज्य सरकार की वार्षिक एवं पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने में सहायता करना तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास आकलन करना ताकि राज्य के सामाजिक, आर्थिक विकास की अधिकतम सीमा प्राप्त की जा सके ।
- राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में आने वाली बाधाओं कारणों की पहचान तथा राज्य की योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यन्वयन का निर्धारण ।
- प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान विकासात्मक असंतुलनों को दूर करने के लिए नीति निर्धारण तथा जिला एवं क्षेत्रीय योजनाओं के प्रारूपीकरण में सहायता करना ।
- योजना कार्यन्वयन की सामयिक समीक्षा तथा प्रदेश की नीति एवं कार्यक्रमों में सुधार के सुझाव ।
- चालू कार्यक्रमों की विवेचनात्मक समीक्षा तथा कार्यक्रमों के निरन्तरीकरण का सुझाव।

- बेराजगारी की समस्या के निदान के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सलाह देना ।
- सरकार द्वारा बोर्ड को प्रेषित आर्थिक विकास के मामलों पर सलाह देना ।
- वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं नीतियों का विशलेषण करना और प्रदेश के विकास के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों के उपयुक्त कार्यन्वयन एवं सुधार के सम्बन्ध में उचित सुझाव देना ।
- योजना कार्यक्रमों से सम्बन्धित सूचना का एकत्रीकरण एवं विशलेषण करना ।
- सरकारी निगमों एवं बोर्डों की कार्य प्रणाली का परीक्षण तथा उनमें सुधार लाने के सुझाव देना ।
- जिला स्तर पर योजना स्कीमों के कार्यन्वयन में आने वाली कठिनाईयों का पता लगाना तथा इन कठिनाईयों के निराकरण एवं समाधान के उपाय सुझाना ।
- अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों एवं निगमों का मूल्यांकन करना ।

वर्ष 2015–16 के लिए मु0 4800.00 करोड़ रू0 के आकार को अनुमोदित किया गया था ।

**मुख्यालयः**

सरकारी नियमावली के अनुसार सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु योजना विभाग निम्नलिखित ढांचे के अनुसार कार्य कर रहा है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सम्बन्धित मंत्री | माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश शिमला–2. |
| 2. | प्रशासनिक सचिव | अतिरिक्त मुख्य सचिव (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2. |
| 3. | विभागाध्यक्ष | सलाहकार (योजना) हिमाचल प्रदेश, शिमला–2 |

सलाहकार (योजना), विभागाध्यक्ष हैं । योजना विभाग में विभिन्न प्रभाग जैसे कि योजना प्रारूपण, परियोजना प्रारूपण, योजना कार्यन्वयन, कम्पयूटरीकरण, मूल्यांकन, जनशक्ति एवं रोजगार, प्रशासन, क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन, पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना, रेलवे, 20–सूत्रीय कार्यक्रम तथा आर.आई.डी.एफ. कार्य कर रहे हैं । ये प्रभाग संयुक्त निदेशक/ उप–निदेशकों के नियन्त्रण में कार्य कर रहे हैं । संयुक्त निदेशक सलाहकार (योजना) के नियंत्रण में कार्य करते हैं तथा कार्य निष्पादन के लिए सलाहकार (योजना) का सहयोग करते हैं । संयुक्त निदेशक कार्यालय अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं । प्रभागानुसार उद्देश्य, कार्यक्रम, आबंटन, व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

## I. प्रशासन प्रभागः

संयुक्त निदेशक का पद दिनांक 31 अगस्त, 2012 को पदोन्नति से भरा गया है । संयुक्त निदेशक, (योजना) को विभाग में कार्यालय अध्यक्ष घोषित किया गया हैं । प्रशासन प्रभाग संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में कार्य करता है ।

यह प्रभाग योजना विभाग की प्रशासनिक जरूरतों के अनुसार कार्य करता है । प्रभाग के मुख्य कार्य जैसे कि रिक्त पदों का भरना, पदोन्नति, स्थानांतरण, अधिकारियों / कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिर्पोट, स्थाईकरण, भण्डार, स्थापना, बजट, लेखा आपत्ति, पीएसी, सीएजी, व अन्य विविध कार्य जो प्रभाग को सौंपे गए हैं, किये जा रहे हैं। वर्ष के दौरान प्रभाग द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य निष्पादित किए गए हैं ।

## II. योजना प्रारूपण प्रभागः

### 1. राज्य की वार्षिक योजना (2016-17) का प्रारूपीकरण :

वार्षिक योजना (2016-17) के प्रारूपीकरण हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव (योजना) की अध्यक्षता में सभी सम्बन्धित विभागों के साथ योजना प्राथमिकताओं के निर्धारण हेतु चर्चा के लिए अक्तूबर, 2015 में श्रृंखलावार बैठकों का आयोजन किया गया ।

वार्षिक योजना (2016–2017) के प्रारूपीकरण हेतु सभी सम्बन्धित विभागों /एजैन्सियों को दिशा–निर्देश जारी किए गये जिसके माध्यम से उन्हें अपने विभाग से सम्बन्धित विस्तृत योजना प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया ।

विभागीय प्रस्तावों की जांच पड़ताल करने तथा प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने के पश्चात वार्षिक योजना (2016–2017) का आकार 5200 करोड़ रूपये प्रस्तावित कर ड्रॉफट प्रारूप तैयार करके राज्य योजना बोर्ड की दिनांक 15 फरवरी,2016 को हुई बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया , जिसे राज्य विधानसभा द्वारा भी पारित कर दिया गया । सैक्टरवार विवरण निम्न प्रकार से हैं :–

**(रू0करोड़ों में)**

| क्रम संख्या | सैक्टर | वार्षिक योजना (2016–17) का प्रस्तावित परिव्यय |
|---|---|---|
| **1.** | **2.** | **3.** |
| 1. | कृषि एवं सम्बन्धित सेवाएं | 585.71 |
| 2. | ग्रामीण विकास | 109.67 |
| 3. | विशेष क्षेत्र कार्यक्रम | 21.00 |

| 1. | 2. | 3. |
|---|---|---|
| 4. | सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण | 410.25 |
| 5. | ऊर्जा | 682.70 |
| 6. | उद्योग एवं खनन | 110.86 |
| 7. | संचार एवं परिवहन | 979.04 |
| 8. | विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण | 17.02 |
| 9. | सामान्य आर्थिक सेवाएं | 212.67 |
| 10. | सामाजिक सेवाएं | 1991.97 |
| 11. | सामान्य सेवाएं | 79.11 |
| | **कुल** | **5200.00** |

## III. योजना कार्यान्वयन प्रभागः

विधान सभा में बजट पारित होने के उपरान्त, योजना बजट का कार्यान्वयन निम्न ढंग से शुरु होता हैः–

1. यह प्रभाग विभिन्न विभागों से प्राप्त डाईवरज़न और पुनर्विनियोजन के प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण करता है। आवश्यकता व प्राथमिकता को मद्देनजर रखते हुए ही विचलन या पुनर्विनियोजन की अनुमति दी जाती है।
2. आधिक्य प्रस्तावों को किसी अन्य मद जिसमें व्यय की संभावनायें कम हों या कोई परियोजना जिसकी चालू वर्ष में क्रियान्वयन की संभावना न हो तथा सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुये उसमें से कटौती करके पूरा किया जाता है।
3. आधिक्य प्रस्तावों को तत्काल निपटाने के लिये विभागों के साथ बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।
4. इस अवधि में सभी सम्बन्धित विभागों से उनके प्रशासनिक विभागों के माध्यम से पुनर्विनियोजन के प्रस्ताव चिन्हांकित व गैर चिन्हांकित मदों में जांच और परीक्षण के लिये आमंत्रित किये गए। संशोधित परिव्ययों को नीति आयोग, भारत सरकार से निर्धारित समयावधि में अनुमोदित करवाया जाता है।
5. इस अवधि में 413 मामले विभिन्न विभागों से प्रशासनिक विभागों के माध्यम से परामर्श हेतु योजना कार्यान्वयन प्रभाग में प्राप्त हुए, इनका परीक्षण किया गया तथा सक्षम प्राधिकारियों के

पूर्व अनुमोदनोपरान्त प्राप्त करने के उपरान्त उचित परामर्श सम्बन्धित विभागों को दिया गया।

6. बजट के अनुरूप योजना कार्यान्वयन निर्विघ्न करने के लिये सम्पूर्ण वार्षिक योजना को सॉफ्टवेयर के माध्यम से बजट से जोड़ा गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, योजना कार्यन्वयन प्रभाग द्वारा इस अवधि के दौरान निम्न गतिविधियां भी की गई :–

## 1. त्रैमासिक आधार पर प्रगति रिपोर्ट/त्रैमासिक समीक्षा बैठकें

इस प्रभाग को विकास के विभिन्न मद्दों के तहत हासिल की गई वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के अनुश्रवण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

योजना व्यय के लिये निम्न मापदंडों को निर्धारित किया गया है :–

| तिमाही | योजना व्यय (%) |
|---|---|
| प्रथम | 20% |
| द्वितीय | 25% |
| तृतीय | 30% |
| चतुर्थ | 25% |
| **योग** | **100%** |

## 2. बजट आश्वासन

वर्ष 2015–16 के बजट आश्वासनों के समयबद्ध कार्यान्वयन हेतु मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में 9 जून, 2015 और 18 नवम्बर, 2015 को बैठकों का आयोजन किया गया। विभागों से सम्बन्धित बजट आश्वासनों की सूचना एकत्रित की गई तथा इसका संकलन किया गया।

## 3. भारत सरकार के साथ लम्बित मामले

'भारत सरकार के साथ लम्बित मामले' आवश्यक मुद्दों/मामलों का संकलन है जो भारत सरकार के साथ लम्बित पड़े थे। केबिनेट सचिवालय द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर पर प्रमुख मामलों को अपलोड़ किया गया है जिनकी ई–समीक्षा के माध्यम से निरन्तर समीक्षा की गई है।

## 4. केन्द्रीय प्रायोजित योजनायें

केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों का प्रदेश की आर्थिकी में विशेष स्थान है क्योंकि यह प्रदेश के स्त्रोतों का अनुपूरण करती हैं। वर्तमान में केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें या तो शत प्रतिशत या केन्द्र और राज्य में विभिन्न अनुपातों में चल रही हैं। इस प्रभाग ने कार्यन्वयन विभागों को केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के वित्तीय निहितार्थ और समकक्ष योजना में राज्य प्रावधानों पर परामर्श दिये हैं।

### 5. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

स्वतन्त्र एजैन्सियों द्वारा एच.डी.बी.आई. परियोजना की कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नानुसार चार अध्ययनों पर कार्य किया गयाः–

1. हिमाचल प्रदेश में हरित विकास एवं समावेश हेतु मानव विकास अध्ययन ।
2. 0–6 वर्ष आयु समुह के गिरते लिंग अनुपात के कारणों पर अध्ययन ।
3. हिमाचल प्रदेश में मानव विकास पर वित्तीय रिपोर्ट कार्ड।
4. हिमाचल प्रदेश में गुज्जरों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के आकलन हेतु अध्ययन ।

कार्य योजना के अनुसार चार अन्य अध्ययनों के टी. ओ. आर. का सैट तैयार किया जा रहा है।

## IV. पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना प्रभागः

प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्रीय विषमताओं की पहचान एवं उनको दूर करने के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप योजना शुरू की गई है । प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक व्यापक नीति 1995–96 से हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही है। पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना से सम्बन्धित नीति में सरकार के निर्णयानुसार समय–समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते हैं । नीति की मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार से हैंः–

(क) पिछड़ा क्षेत्र उप योजना में पिछड़ा घोषित क्षेत्रों को निम्न तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः–

(i) **पिछड़े घोषित विकास खण्ड** : ऐसे सभी विकास खण्ड जिनमें 50 प्रतिशत या इससे अधिक पंचायते पिछड़ी घोषित हों, पिछड़े विकास खण्ड घोषित किए गए हैं । प्रदेश में कुल आठ विकास खण्ड पिछड़े घोषित हैं जिनमें कुल 304 पिछड़ी पंचायतें आती हैं ।

(ii) **कंटीगुअस (Contiguous) पंचायतें** : ऐसी सभी पांच या पांच से अधिक पिछड़ी घोषित पंचायतें जिनके भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरे से मिलते हों को पिछड़ी पंचायतों का समूह घोषित किया गया । प्रदेश में कुल 15 पिछड़ी पंचायतों के समूह घोषित हैं जिनमें कुल 133 पिछड़ी पंचायतें आती हैं।

(iii) **बिखरी पंचायतें**ः जिन पिछड़ी घोषित पंचायतों का भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरी पिछड़ी पंचायत से नहीं लगता हो अथवा पिछड़ी पंचायतों का समूह पांच पंचायतों से कम हो ऐसी पंचायतों को बिखरी पंचायतें घोषित किया गया । प्रदेश में कुल 109 बिखरी हुई पिछड़ी पंचायतें हैं ।

(ख) चयनित 13 विकास शीर्षो में पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के लिए परिव्यय चिन्हांकित किया जाता है ।

(ग) लाभार्थी एवं क्षेत्र मूलक, दोनों प्रकार की, योजनाओं को अपनाया गया है ।

(घ) जिलों को पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के अन्तर्गत बजट आवंटन, जिले में विद्यमान कुल पिछड़ी पंचायतों के अनुपात मे किया जाता है ।

(ङ) उप योजना का प्रबन्धन, जिला योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति के अनुमोदन पश्चात, उपायुक्तों के माध्यम से किया जाता है । उपायुक्तों एवं जिला योजना अधिकारियों को इस उप–योजना का क्रमशः नियंत्रण तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी घोषित किया गया है ।

(च) योजना विभाग पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के अन्तर्गत केवल पूंजीगत शीर्षो को ही नियन्त्रित करता है । राजस्व शीर्षो का संचालन सम्बन्धित विभागों द्वारा किया जाता है ।

प्रदेश में कुल 3243 पंचायतों में से 546 पंचायतें पिछड़ी घोषित की जा चुकी हैं । सरकार द्वारा उप–योजना के लिए अलग बजट की व्यवस्था मांग संख्या–15 (योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना) में की जाती है । वर्ष 2015–16 के लिए मु0 43 करोड़ रू0 का बजट प्रावधान योजना में पूंजीगत कार्यो के लिए रखा गया था और वर्ष 2016–17 के लिए पूंजीगत कार्यो के लिए मु0 49.50 करोड़ रू0 का बजट प्रावधान योजना में रखा गया है। पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना एक गतिशील प्रक्रिया है तथा सुधार के लिए हमेशा उदार है। उप योजना में काफी लचीलापन है तथा विभिन्न क्षेत्रीय एवं जिलों की स्थानीय आवश्यकताओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है।

जिलावार पिछड़ी पंचायतों की संख्या तथा वर्ष 2015–16 के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के लिए पूंजीगत परिव्यय/व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

**(रू0 लाखों में)**

| **क्रम संख्या** | **जिला** | **पिछड़ी घोषित पंचायतों की संख्या** | **पिछड़ा क्षेत्र उप योजना 2015–16 परिव्यय/व्यय (पूंजीगत)** | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **योजना परिव्यय** | **अनुमानित व्यय** |
| **1.** | **2.** | **3.** | **4.** | **5.** |
| 1. | बिलासपुर | 15 | 118.13 | 118.13 |
| 2. | चम्बा | 159 | 1252.20 | 1252.20 |
| 3. | हमीरपुर | 13 | 102.38 | 102.38 |
| 4. | काँगड़ा | 17 | 133.88 | 133.88 |
| 5. | कुल्लू | 79 | 622.16 | 622.16 |
| 6. | मण्डी | 149 | 1173.44 | 1173.44 |
| 7. | शिमला | 83 | 653.66 | 653.66 |
| 8. | सिरमौर | 25 | 196.89 | 196.89 |
| 9. | सोलन | 3 | 23.63 | 23.63 |
| 10. | ऊना | 3 | 23.63 | 23.63 |
| | **योग** | **546** | **4300.00** | **4300.00** |

## V. क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग :

राज्य स्तर पर योजना विभाग में विभिन्न विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रमों के संचालन तथा अनुश्रवण के लिए क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग की स्थापना की गई है। विभिन्न विकेन्द्रीयकृत नियोजन कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

### 1. विकास में जन सहयोग कार्यक्रम :

आधारभूत स्तर पर आधारिक संरचना के रूप में विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों की प्रभावी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने तथा सरकार के प्रयासों / स्त्रोतों को सुदृढ़ करने के लिए विकास में जन सहयोग कार्यक्रम को 1991–92 में शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगों की भागीदारी स्वैच्छिक रूप में व अग्रिम नकद भागीदारी द्वारा है जिसको सम्बन्धित उपायुक्त के नाम बैंक / डाकघर में खोले गए खातों में जमा करवानी पड़ती है। वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान इस कार्यक्रम के लिए 17.63 करोड़ रूपए की धनराशि का बजट प्रावधान रखा गया है।

**इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं निम्न हैः–**

1. शहरी क्षेत्रों में, सामुदायिक और सरकारी अंशदान की लागत भागीदारी 50:50 है, जबकि सरकारी परिसम्पतियां जैसे स्कूल भवन, स्वास्थ्य संस्थान एवं पशु चिकित्सा संस्थान, पेयजल आपूर्ति व सीवरेज़ योजनाओं का निर्माण और हैण्डपम्प स्थापित करने के लिए लागत भागीदारी 25:75 है, लेकिन इस सुविधा का प्रयोग समुदाय के लिए होगा न की किसी परिवार अथवा व्यक्ति विशेष के लिए।

2. ग्रामीण क्षेत्रों में, समुदाय और सरकारी अंशदान की लागत भागीदारी 25:75 है, परन्तु जनजातीय क्षेत्रों, पिछड़ा घोषित पंचायतों और मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा बसे क्षेत्रों में समुदायक और सरकारी लागत भागीदारी 15:85 है।

3. कोई व्यक्ति सार्वजनिक सम्पति, कार्य की लागत का 50% हिस्सा देकर निर्माण करवा सकता है जो विशुद्ध रूप से परोपकारी रूप में हो या अपने पूर्वजों के पुण्यस्मरण के लिए हो।

4. स्वीकृत कार्यो का निर्माण स्वीकृति के एक वर्ष के अन्तराल में पूर्ण करना पड़ता है।

5. जिन परिसम्पतियों का रखरखाव करना होता है उनके रखरखाव के लिए समुदाय और सरकार कार्य की कुल लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देने के लिए प्रतिबध है।

6. सभी कार्य जिनकी अनुमानित लागत 5.00 लाख रूपए से अधिक है का निर्माण सरकारी विभागों द्वारा किया जाता है न की सोसाईटियों / स्थानीय समितियों द्वारा।

7. रूपए 5.00 लाख तक के कार्यो का कार्यन्वयन ग्रामीण विकास विभाग के सहायक/ कनिष्ठ अभियन्ता की देख रेख में किया जाना सुनिचित किया जाता है और प्रत्येक कार्य के पैमाईश उस क्षेत्र के कनिष्ठ अभियन्ता / तकनीकी सहायक की माप–पुस्तक (measurement book) में किया जाता है।

**इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न प्रकार की परियोजनाएं/ परिसम्पतियां स्वीकृत की जा सकती हैः–**

1. सरकारी शिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण।
2. बहुउद्देशीय सामुदायिक/ सार्वजनिक परिसम्पतिों का निर्माण।
3. मोटर योग्य सड़कों एवं रज्जू मार्गो का निर्माण।
4. सिंचाई योजनाओं / पेयजल स्कीमों का निर्माण/ हैण्ड पम्पों की स्थापना।
5. सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के भवनों का निर्माण।
6. महत्वपूर्ण मिसिंग लिंकस का प्रावधान जैसे कि तीन फेज की बिजली की लाइनें, एक्सरे प्लांट और रोगी वाहन इत्यादि।
7. आवारा जानवरों के लिए गो– सदन की स्थापना।

## 2. क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन :

विकेन्द्रीकृत योजना का कार्यान्वयन वर्ष 1993–94 से प्रदेश में आरम्भ किया गया था। अन्तर क्षेत्रीय सन्तुलित विकास बनाए रखने के लिए निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार योजना विभाग द्वारा जिलों को स्वीकृत बजट से धनराशि का आबंटन वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार 60 प्रतिशत जिला की जनसंख्या तथा 40 प्रतिशत जिला के भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय आवश्यकता की स्कीमों व बजट में महत्वपूर्ण मिसिंग लिंक्स इत्यादि का कार्यन्वयन किया जाता है। वित्तिय वर्ष 2016–17 के दौरान इस कार्यक्रम के लिए 53.13 करोड़ रूपए की धनराशि का बजट प्रावधान रखा गया है।

**विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं निम्न हैः–**

1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कीमों की स्वीकृति जिला स्तरीय योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति के पूर्व अनुमोदन के पश्चात ही की जाती है।

2. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केवल ऐसे कार्यो पर ही विचार किया जाना चाहिए जिनके प्राक्कलन तथा डिजाईन तकनीकी रूप से तकनीकी प्राधिकरी / अर्ध सरकारी / सरकारी उपक्रमों में

तकनीकी शक्तियों के दायरे में किया हो। सरकारी कर्मियों/तकनीकी अधिकारी जो तकनीकी रूप से प्राक्कलनों को अनुमोदित कर सकता है वह ही कार्य का आकलन और भुगतान के संवितरण को प्राधिकृत करने में सक्षम है।

3. उपायुक्त स्थानीय जिला नियोजन के अन्तर्गत योजनाओं की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां प्रदान करने में पूर्णतः सक्षम है। बशर्ते कि चयनित विकास मदों और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बजट प्रावधान हो।
4. इस योजना के अन्तर्गत न ही किसी भी प्रकार के आवर्ती व्यय/ दायित्व और न ही स्वीकृतियाँ को इकट्ठा व किसी कार्य को वितीय वर्ष से अधिक चरणवद्ध करना स्वीकार्य है।
5. स्थानीय जिला नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाने वाले कार्यो को समुदाय को लाभान्वित करना चाहिए जिसमें कम से कम पाँच परिवार होने चाहिए। कोई भी कार्य व्यक्ति विशेष / एकल परिवार को लाभान्वित करता हो इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नही किया जाता है।
6. स्थानीय जिला नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्हीं कार्यो को स्वीकृत किया जाता है जिनका निर्माण एक ही वितीय वर्ष या स्वीकृति से एक वर्ष के अन्तराल में किया जाना होता है।

## 3. विधायक क्षेत्र विकास निधि योजनाः

प्रदेश सरकार ने विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 1999–2000 से विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना शुरू की है। इस योजना को वर्ष 2001–02 में बन्द कर दिया था परन्तु वर्ष 2003–04 में 24.00 लाख रू0 प्रति निर्वाचन क्षेत्र बजट प्रावधान के साथ पुनः आरम्भ किया गया है। योजना की सफलता को देखते हुए प्रदेश सरकार इस योजना के अन्तर्गत बजट प्रावधन बढ़ाती रही है। वित्तीय वर्ष 2016–17 में बजट प्रावधान बढ़ाकर **1.00** करोड़ रूपये प्रति निर्वाचन क्षेत्र कर दिया है ।

इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण माननीय विधायको की प्रत्यक्ष और सक्रिय भागीदारी के साथ किया जाता है ताकि सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास हो सके। वर्ष 2016–17 में इस योजना के लिए 68.00 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान रखा है।

**विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य किए जा सकते हैः–**

1. विभिन्न पाठशालाओं में कमरों का निर्माण।
2. आयुर्वेदिक औषधालयों, पशु चिकित्सा औषधालयों व स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण।
3. हैंड पम्पों की स्थापना।
4. ऐसे गावों के लिये मोटर योग्य अथवा जीप योग्य लिंक सड़कों का निर्माण जो पहले से सड़कों से न जुड़े हुए हों।

5. गांवों में सामान्य सामुदायिक भवनों का निर्माण जो कि गांव स्तर पर विभिन्न संस्थाओं अथवा प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जा सकें।
6. स्वास्थ्य संस्थानों में ऐसे उपकरणों का प्रावधान जो वहां पहले से विद्यमान न हों जैसे कि एक्सरे मशीनें, अल्ट्रासांऊड मशीनें, ई.सी.जी. मशीनें इत्यादि।
7. स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एम्बूलैंस का क्रय बशर्ते कि उस पर होने वाले आवर्ती व्यय के लिए संबंधित संस्था/विभाग के पास पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध हो।
8. ग्रामीण सड़कों के लिए छोटे पुलों अथवा पुलियों का निर्माण, विभिन्न खड्डों, नदी–नालों इत्यादि पर पैदल चलने वाले लोगों के लिए Foot Bridges का निर्माण।
9. ग्रामीण रास्ते केवल पक्के concrete basd or black topped तथा जिसमें दो पहिया वाहन चल सकें।
10. छूटी हुई बस्तियों के लिए पेय जल योजनायें जहां अतिरिक्त पाईप लगा कर सार्वजनिक नल लगाए जाने की आवश्यकता हो।
11. स्थानीय स्तर की सिंचाई स्कीमें।
12. पाठशालाओं में शौचालयों का निर्माण कार्य।
13. दूर–दराज व ग्रामीण क्षेत्रों में बचे हुए घरों का विद्युतीकरण (LT Extensions).
14. स्कूल भवनों की मुरम्मत तथा स्कूल के खेल मैदानों का निर्माण कार्य।
15. बस स्टैण्डों का निर्माण व रख–रखाव।
16. ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्रों में सरकारी भवनों की मुरम्मत जैसे कि सरकारी आयुर्वेदिक औषधालयों, पशु चिकित्सा औषधालयों, स्वास्थ्य संस्थान, सामुदायिक भवन, शैक्षणिक संस्थान इत्यादि।
17. ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सड़कों की मुरम्मत व रख–रखाव।

## 4. मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजनाः

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को नजदीकी मोटर योग्य सड़कों से जोड़ने के उद्देश्य से कच्चे रास्तों को पक्का किया जाता है। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी मौसम में कनैक्टीविटी प्रदान करने के लिए पुलियों / पुलों का भी निमार्ण करना। प्रदेश सरकार ने पहाड़ी और मुश्किल भौगोलिक क्षेत्रों के मध्यनज़र 2 कि0मी0 तक जीप योग्य / ट्रैक्टर योग्य सम्पर्क मार्गो के निर्माण की अनुमति दी है। मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजना 10 गैर जनजातीय जिलों के लिए वर्ष 2003–04 में आरम्भ की **है।** वर्ष 2004–05 में इस योजना को बन्द कर दिया था और वर्ष 2008–09 में पुनः शुरू किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत 10 गैर जनजातीय जिलों के लिए वर्ष 2015–16 और 2016–17 में 5.50 करोड़ रू0 का बजट प्रावधान किया है।

**इस योजना की मुख्य विशेषताएं निम्न हैः–**

1. इस योजना के अन्तर्गत बजट धनराशि का आंबटन योजना विभाग द्वारा उपायुक्तों को जिले की वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार कुल ग्रामीण जनसंख्या तथा जिले में आबाद गांवों की संख्या में 50:50 के अनुपात पर किया जाता है।
2. इस योजना के माध्यम से किसी प्रकार के भी आवर्ती राजस्व व्यय के लिए प्रावधान नही किए जाएगें और न ही कच्चे रास्तों के निर्माण के लिए कोई स्वीकृतियां मान्य होंगी।
3. इस योजना के अन्तर्गत निर्मित पक्के सम्पर्क रास्तों का रख–रखाव सम्बन्धित पंचायत अपने स्त्रोत/ राजस्व से करेगें। इस प्रकार का अनुबन्ध स्वीकृति प्रदान करने से पहले सम्बन्धित ग्राम पंचायत से लेना आवश्यक होगा।
4. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण कार्य के तकनीकी अनुमानों का अनुमोदन ग्रामीण विकास विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता / सहायक अभियन्ता/ अधिशासी अभियन्ता निर्धारित तकनीकी शक्तियों के अनुसार करेंगे।
5. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित कार्यो को जिला स्तरीय योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति में अनुमोदित करवाना आवश्यक है।
6. इस योजना के अन्तर्गत निर्मित किए जाने वाले पक्के रास्तों का कार्यान्वयन स्वीकृत धनराशि के अन्दर ही होगा। इस योजना के अन्तर्गत संशोधित स्वीकृति का कोई प्रावधान नहीं होगा।
7. सड़क की अलायनमेंट लोक निर्माण विभाग से अनुमोदित होनी चाहिए ताकि जीप योग्य सड़क को बाद में अपग्रेड करके बस योग्य सड़क लोक निर्माण विभाग के मानदंडो के अनुसार बनाया जा सकें।

## 5. संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाः

भारत सरकार द्वारा वर्ष 1993–94 से संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना को आरम्भ किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत माननीय संसद सदस्यों द्वारा अपने – अपने निर्वाचन क्षेत्रों के पूंजीगत छोटे–छोटे कार्यो क्रमशः पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, जनस्वास्थ्य और सड़कों इत्यादि को करने की अनुशंसा की जाती है। कार्यो की स्वीकृतियां उपायुक्तों द्वारा प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रत्येक संसद सदस्य को प्रतिवर्ष 5 करोड़ रूपए उनकी अनुशंसा पर विभिन्न कार्यो के लिए जारी की जाती है।

**संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत निम्न सेक्टर की स्कीमों को किया जा सकता हैः–**

1. पेयजल सुविधा।
2. शिक्षा।
3. विद्युत सुविधा।

4. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।
5. सिंचाई सुविधाएं।
6. गैर–पारम्परिक ऊर्जा स्रोत।
7. अन्य लोक सुवधिाएं।
8. रेलवें, सड़कें, पगडंडी और पुल।
9. सफाई और जन स्वास्थ्य ।
10. खेलकूद।
11. पशु देखभाल,डेयरी तथा मत्स्य पालन संबंधी कार्य।
12. कृषि से संबंधित कार्य।
13. हथकरघा बुनकरों के लिए कलस्टर विकास से संबंधित कार्य।
14. शहरी विकास से संबंधित कार्य।

## VI. जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग :

**जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग को निम्न प्रमुख कार्य सौंपे गये हैं :–**

**(i) जनशक्ति की तथ्य पुस्तिका तैयार करनाः**

जनशक्ति एवं रोजगार विकासात्मक योजना का अभिन्न अंग है। यह जरूरी हो गया है कि राज्य स्तर पर तकनिकी और जनशक्ति के विभिन्न पहलुओं को कवर करने के लिए जनशक्ति सूचना जानकारी प्रणाली विकसित की जाए। इस प्रणाली की महत्वता को ध्यान में रखते हुए योजना विभाग में गठित जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग जनशक्ति जानकारी से सम्बन्धित सूचना का संग्रहण, संकलन और सारणीयन कर इसका सारांश एक पुस्तिका 'Fact Book of Manpower' के रूप में प्रकाशित करता है।

इस पुस्तिका प्रकाशन का कार्य एक नियमित प्रकृति का है क्योंकि समय समय पर इस कार्य को करने हेतु अनुवर्ती और संधोधन की आवश्यकता होती है तथा सांख्यिकीय डाटा तालिकाओं सहित जनसंख्या, जनशक्ति, रोजगार, बेरोजगारी, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य संस्थानों के बारे में सीधे प्रशिक्षण और रोजगार से संबंधित संकलित किया जाता है।

**(ii) ई.एम.आई. कार्यक्रम तथा उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर रिपोर्टः**

रोजगार बाजार सूचना कार्यक्रम के तहत जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग द्वारा जिलों/क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों से डाटा का संग्रहण किया जाता है तथा 'संगठित क्षेत्र में रोजगार के त्वरित आकलन' रिपोर्ट को हर वर्ष संकलित किया जाता है। इस रिपोर्ट में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के प्रत्येक तिमाही के अंत के आंकड़ों की स्थिति को शामिल किया जाता है।

**(iii) राज्य सरकार की रोजगार योजनाः**

राज्य सरकार ने रोजगार अवसर सृजन करने के लिए त्रिमुखी रोजगार नीति अपनाई है जिसके अन्तर्गत (1) सरकारी क्षेत्र में रोजगार, (2) संगठित तथा स्वरोजगार क्षेत्र में रोजगार और (3) मजदूरी घटक रोजगार सृजन को राज्य सरकार की रोजगार नीति माना गया है । इन क्षेत्रों में रोजगार सृजन का आंकलन करने के लिए मासिक आधार पर समस्त सम्बन्धित विभागों से सूचना एकत्रित की गई । रोजगार सृजन की भौतिक उपलब्धियों की समीक्षा नियमित रूप से की जाती है । उपरोक्त सभी रिर्पोट का संकलन कार्य किया जा रहा है तथा प्रकाशन शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## VII. बाह्य–सहायता परियोजना प्रभागः

योजना विभाग के बाह्य सहायता परियोजना प्रभाग को विभिन्न विभागों के परियोजना प्रस्तावों को बाह्य वित्त सहायता प्राप्त करने हेतु परियोजनाओं के विश्लेषण का कार्य दिया गया है। योजना विभाग के इस कक्ष का मुख्य कार्य राज्य के परियोजना प्रस्तावों को बाह्य सहायतार्थ प्राधिकरणों, निजि निवेशकर्ताओं व केन्द्रीय सरकार को वित्तीय प्रबन्धन के लिए प्रेषित किये जाने से पूर्व उनका तकनीकी, प्रशासकीय एंव वित्तीय पहलुओं के दृष्टिगत राज्य के आर्थिक संसाधनों को देखते हुए विस्तृत विश्लेषण करना है । उपरोक्त के अतिरिक्त यह प्रभाग सभी बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा एंव अनुश्रवण करता है। यह प्रभाग सहायता प्रदान करने वाली विभिन्न एजेंसियों के साथ परियोजनाओं के चिन्हांकन तथा समीक्षा हेतु पत्राचार करता है। प्रशासनिक सचिव, योजना, हि0प्र0 सरकार को प्रदेश की सभी बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

इन परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यन्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कार्यन्वयन एजैन्सियों से वितीय व भौतिक उपलब्धियों की रिपोर्ट त्रैमासिक आधार पर प्राप्त की जाती है। इस प्रभाग द्वारा बाह्य सहायता प्राप्त करने हेतु विभिन्न विभागों के परियोजना प्रस्तावों को भारत सरकार को प्रेक्षित करने के संदर्भ में परामर्श प्रदान किए जाते हैं।

विश्व बैंक, एशियन विकास बैंक (ए.डी.बी.), जापान अंन्तर्राष्ट्रीय सहयोग अभिकरण (JICA), जी. आई. जैड., ए.एफ.डी. (फ्रांसीसी सरकार की एजैंसी) तथा के.एफ.डब्लयू. (जर्मन एजैंसी), न्यू डवैलपमैंट बैंक आदि अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों तथा भारत सरकार से प्राप्त मार्गदर्शिकाओं को, परियोजना प्रस्ताव आमन्त्रित करने के लिए, सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया जाता है तथा उनसे यह आग्रह किया जाता है कि वे राज्य की प्राथमिकताओं को देखते हुये परियोजना प्रस्ताव तैयार करें । योजना विभाग में विभिन्न विभागों से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों को तकनीकी, प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक, वितीय मापदण्डों के दृष्टिगत विश्लेषण करके अनुमोदित किया जाता है।

## हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएंः

रूपये करोड़ों में

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | डोनर एजेंसी | नोडल विभाग | कुल लागत | परियोजना अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रारम्भ की तारीख | समाप्ति की तारीख |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | हि0प्र0 राज्य सड़क परियोजना | विश्व बैंक | लोक निर्माण विभाग | 1802.84 | जुलाई.07 | जून.16 |
| 2. | हिमाचल प्रदेश मध्य हिमालयन जलागम विकास परियोजना | विश्व बैंक | वन विभाग | 598.75 | अक्तूबर–05 | मार्च.16 |
| 3. | स्वां नदी एकीकृत जलागम प्रबन्धन परियोजना | जे0 आई0 सी0 ए0 | वन विभाग | 227.31 | मार्च.06 | मार्च.16 |
| 4. | हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अधोसरंचना विकास निवेश कार्यक्रम | एशियन डवैलपमैंट बैंक | पर्यटन विभाग | 428.22 | 2010 | 2020 |
| 5. | हि0प्र0 फसल विविधीकरण उन्नत परियोजना | जे0 आई0 सी0 ए0 | कृषि विभाग | 321.00 | जुलाई.11 | मार्च.18 |
| 6. | क्लीन एनर्जी ट्रांसमिशन निवेश कार्यक्रम | एशियन डवैलपमैंट बैंक | विद्युत विभाग | 1927.00 | जनवरी.12 | दिसम्बर.18 |
| 7. | विद्युत परियोजनाएं | एशियन डवैलपमैंट बैंक | विद्युत विभाग | 6673.87 | नवम्बर.08 | जून.16 |
| | **कुल योग** | | | **11978.77** | | |

## गत वर्ष विश्लेषित/परीक्षण की गई प्रमुख बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएंः

विभिन्न विभागों के परियोजना प्रस्तावों को प्रति वर्ष राज्य स्तर पर बाह्य सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेषित करने के लिए परीक्षण किया जाता है तथा परीक्षण उपरान्त पी0पी0आर0 स्तर पर योग्य पाए गए प्रस्तावों को सैद्धांतिक रुप से स्वीकृत किया जाता है। जिसके उपरान्त ये सभी प्रस्ताव सम्बन्धित विभागों द्वारा बाह्य सहायता प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित किए जाते हैं। गत वर्ष के दौरान परीक्षण/विश्लेषित की गई कुछ प्रमुख परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति निम्न प्रकार से हैंः–

1. **हिमाचल प्रदेश उद्यान विकास परियोजनाः**1115 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना विश्व बैंक की सहायता से क्रियान्वित की जा रही है तथा इस परियोजना का कार्यान्वयन अभी प्रारंभिक चरण पर है । इस परियोजना के अन्तर्गत बागवानी क्षेत्र के आधुनिकिकरण तथा उत्पादन क्षमता बढाने के लिए नई प्रौद्यौगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा तथा बागवानी को Diversified व जलवायु अनुरूप बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस परियोजना के अन्तर्गत मूल्य संबर्धन व बाजार तक उत्पाद की पहुंच को सुदृढ़ बनाने के लिए Agri-Enterprises का विकास किया जाएगा।

2. **हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजनाः** 640 करोड़ रूपये की लागत वाली यह परियोजना ADB से वित्त पोषित करने हेतु भारत सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 5 अक्टूबर, 2015 को स्वीकृत कर ली गई है । इस परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा कौशल तथा आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समन्वित करने के लिए निजी

उद्योगों के सक्रिय सहयोग से प्रदेश के युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में रोजगार व स्वरोजगार के प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे ।

3. **फोरेस्ट ईको– सिस्टम क्लाईमेट प्रूफिंग परियोजनाः** 286 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना का कार्यान्वन के0 एफ0 डब्ल्यू0 (जर्मन बैंक) की वितीय सहायता से राज्य के चम्बा व कांगड़ा जिलों में वर्ष 2015–16 से 7 वर्षों के लिए किया जा रहा है। इस परियोजना का मुख्य उददेश्य प्राकृतिक संसाधनों के सतत् प्रबन्धन द्वारा जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को कम करना, जैब–विविधता में वृद्धि व ग्रामीण लोगों को आय के सुनिश्चित उपाय उपलब्ध करवाना है।

4. **कोल डैम जलाशय से शिमला शहर के लिए उठाऊ जल प्रवाह स्कीम :** 643.05 करोड़ रू. की यह व्यापक परियोजना भारत सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा दिनांक 29 जून, 2015 को विश्व बैंक से वितीय सहायता प्राप्त करने हेतु भेजने के लिए सैधांतिक रूप से स्वीकृत की जा चुकी है।

5. **हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क परियोजना–Phase2:** स्टेट रोड़ परियोजना के द्वितीय चरण में 3200 करोड़ रूपये की परियोजना World Bank से वित्त पोषित हेतु भारत सरकार ने सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत कर ली है । परियोजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च मार्ग मापकों व सेवा स्तर के अनुसार कोर सड़क नेटवर्कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा ।

इन परियोजनाओं के अतिरिक्त विद्युत, शहरी विकास व वन आदि क्षेत्रों की कुछ और परियोजनाए भारत सरकार व डोनर एजेन्सियों के पास विभिन्न चरणों पर विचारार्थ है।

## राज्य स्तर पर नवाचार :

हिमाचल प्रदेश को एक इनोवेटिव राज्य के रूप में परिवर्तित करने के लिए विभिन्न विभागों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने व इन क्षेत्रों के अनुभवों के आदान–प्रदान द्वारा राज्य स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निम्न कदम उठाए गये है।

## I. राज्य नवाचार परिषद का गठनः–

राज्य नवाचार परिषद का गठन हिमाचल सरकार द्वारा 7 जनवरी,2011 को मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में हुआ था जिसमें राज्य के सम्बन्धित विभागों के प्रशासनिक सचिवों व विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों को प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया। इस परिषद की परिधि के अन्तर्गत कुछ और संस्थानों जैसे एनआईटी,हमीरपुर, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, आईआईटी मण्डी, हिमाचल प्रदेश राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी व पर्यावरण परिषद् तथा उद्योग विभाग को लाने के लिए 4 अगस्त,2014 व 31 दिसंबर, 2015 को इस परिषद का विस्तार किया गया।

## II. राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न नवाचार तकनीकें:

हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य स्तर पर नवीन एवं ईनोवेटिव विचारों को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्प है। अतीत में भी राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा कुछ ऐसे कदम उठाए गए हैं। जिन्होनें इन विचारों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। इनमें से कुछ नवीन विचार है– प्लास्टिक कचरे का उपयोग कर प्लास्टिक सड़कों का निर्माण करना, साधारण बल्बों को सी. एफ. एल/ एल. ई. डी. बल्बों से प्रतिस्थापन कर वातावरण में हानिकारक गैसों व प्रदूषण के स्तर को कम करके पर्यावरण में सुधार लाना, भ्रूण स्थानातंरण प्रौद्योगिकी का उपयोग कर राज्य में पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन की गुणवता में सुधार लाना, वेब आधारित जी. आई. एस. पोर्टल द्वारा राज्य में उपलब्ध पन विद्युत क्षमता की स्थिति पर नजर रखने के लिए सैटेलाइट चित्रों से डिजिटल एलिवेशन नक्शे बनाना तथा भू रिकार्ड अपडेट करने की प्रणाली को विकसित करने, आटोमेटिड व आटोमैटिक इन्तकाल, राजस्व व पंजीकरण के मध्य इंटर कनैक्टिविटी स्थापित करने हेतू टैक्सच्युल व आकाशीय रिकार्ड का एकीकरण करने के लिए प्रिसैपटिव टाईटल प्रणाली को कनकलूसिव टाईटल प्रणाली से स्थानांतरित करना।

**III. राज्य नवाचार फण्ड :** राज्य में विभिन्न विभागों द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने तथा इस क्षेत्र में नई पहल आरम्भ करने के लिए प्रोत्साहित करने के उददेश से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2013–14 के दौरान राज्य नवाचार फण्ड का गठन किया गया है। इस फण्ड के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए दिशा–निर्देशों को राज्य नवाचार परिषद की स्वीकृति के पश्चात अधिसूचित कर दिया गया है। गत दो वर्षों में विभिन्न विभागों की 1.39 करोड़ रूपये से अधिक की पांच स्कीमें/परियोजनाएं राज्य इनोवेशन फंड के अन्तर्गत कार्यान्वित करने के लिए अनुमोदित की गई है।

वर्ष 2015–16 के दौरान इस फंड के अन्तर्गत 1.10 करोड़ रूपये का प्रवाधान किया गया था तथा विभिन्न विभागों की निम्न 4 स्कीमें/परियोजनाएं कार्यन्वयन हेतु स्वीकार की गई हैः

1. **चौधरी श्रवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में स्थित पुस्तकालय का डिजिटाईजेशन :** दिनांक 4 सितम्बर, 2015 को चौधरी श्रवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में स्थित पुस्तकालय व सूचना प्रबंधन प्रणाली के डिजिटाईजेशन हेतु मु0 8.00 लाख रुपये अनुमोदित किये गये हैं। इस परियोजना के कार्यन्वयन से शोधकर्ताओं, शिक्षकों और हिमाचल के छात्रों के लिए ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध होगी तथा दुर्लभ और सचित्र पुस्तकों सहित हिमाचल से सम्बन्धित पुस्तकें डिजिटल और ओपन एक्सेस के साथ उपलब्ध रहेंगी।

2. **ऑन लाईन प्लानिंग परमिशन के लिए वेब पोर्टलः** इस परियोजना का लक्ष्य प्लानिंग परमिशन के लिए मैनुअल प्रक्रिया को समाप्त कर ऑनलाइन प्लानिंग परमिशन के लिए एक मजबूत प्रणाली (MIS) विकसित करना है। यह प्रणाली बिल्डरों व निजी पेशावरो को ऑनलाईन पंजीकरण व लाइसेंस प्रदान करने की सेवायें प्रदान करेगा। इस कार्य

हेतु राज्य नगर एवं ग्राम योजना विभाग को SInF से मु0 54.00 लाख की राशि 4 सितम्बर 2015 को अनुमोदित की जा चुकी है। इस प्रणाली को विकसित व होस्ट कर तथा पायलट उपयोगताओं को सम्बन्धित प्रशिक्षणोपरांत, यह ऐप्लीकेशन माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा जनवरी, 2016 को आरंभ की गई। राज्य नगर एवं ग्राम योजनाकार विभाग के तीन क्षेत्रीय कार्यालय में इसे लागू किया गया है तथा 31 मार्च, 2016 तक इसे शेष 9 क्षेत्रीय कार्यालयों में लागू किये जाने की संभावना है।

3. **हिमाचल प्रदेश सचिवालय स्थित पुस्तकालय का डिजिटाईजेशन :** इस परियोजना का उद्देश्य किताबों और प्रशासनिक अभिलेखों का संरक्षण, अंतः उपयोगकताओं हेतु आसान पहुंच व उपलब्धता प्रदान करना, मैनुअल प्रक्रिया को समाप्त कर इस नई तकनीक की मदद से उत्पादकता को बढ़ाना है। इस उद्देश्य के लिए वेब बेस्ड दस्तावेज अभिलेखीय और स्ट्रीवल सूचना प्रबंधन प्रणाली (DMS) को विकसित करना प्रस्तावित है जो डिजिटल रूप से पुस्तकालय में आंतरिकत और बाह्य दोनों उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा प्रदान करेगा। इस उद्देश्य हेतु SInF से मु0 19.30 लाख रुपये की परियोजना 6 फरवरी, 2016 को अनुमोदित की गई है।

4. **दवाओं/वीर्य स्ट्रा हेतु ऑनलाईन इन्वेंटरी का विकास :** इस परियोजना का उद्देश्य आर्यभट्ट जियो इंफॉर्मेटिक्स एंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से दवाओं/वीर्य स्ट्रा की सूची ऑन लाइन तैयार करने हेतु एप्लीकेशन का विकास करना है इसका उपयोग जिला चिकित्सा पूल स्टोरों, सपर्म स्टेशनों व वीर्य बैंको द्वारा किया जाएगा। इसका उद्देश्य अभिलेखों के उचित रख रखाव को सुनिश्चित करने के लिए कुशल निगरानी तंत्र को विकसित करने के साथ साथ पशु चिकित्सा संस्थानो में मांग व आपूर्ती के विनियमन को सुनिश्चित बनाना है। इस परियोजना हेतु राज्य अभिनव कोष से मु0 4.50 लाख रुपये की राशि 26 फरवरी 2016 को स्वीकृत की जा चुकी है।

## IV. नवाचार अवार्ड योजनाः

राज्य सरकार ने उत्तम नवाचार कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु सरकारी विभागों, स्थानीय सरकारों, सामुदायिक विकास समितियों और सार्वजनिक क्षेत्र इकाईयों/ स्वायत्त निकायों के लिए सरकारी, गैर **सरकारी संगठनों और व्यक्ति विशेष के लिए पुरूस्कार देने का निर्णय लिया था। इस उद्देश्य** हेतु विस्तृत योजना नामतः ''हिमाचल प्रदेश राज्य नवाचार अवार्ड स्कीम–2014–15'' आरम्भ की गई है जिसके अन्तर्गत कृषि, बागवानी, शैक्षणिक, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण, सामाजिक विकास, पर्यटन तथा सरकारी क्षेत्रों सहित छह क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है ।

**वर्ष 2014–15 के लिये हि0 प्र0 राज्य ईनोवेशन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत चयनित ईनोवेशन्स/विजेता :**

राज्य में अपनाई जा रही नवीनतम व इनोवेटिव प्रथाओं को वित्तीय प्रोत्साहन देने हेतु आरम्भ की गई हि0प्र0 राज्य नवाचार पुरस्कार योजना

के अन्तर्गत वर्ष 2014–15 के लिये कुल 27 प्रस्तावनायें प्राप्त हुईं जिनकी सम्बन्धित सैक्टर समितियों द्वारा छंटनी की गई। सैक्टर समितियों की अनुशंसा उपरान्त, राज्य नवाचार परिषद द्वारा दिनांक 9 दिसम्बर, 2015 को आयोजित बैठक में तीन नवाचारों Localized Generic para Pheromone based Bottle Trap effective against fruit files, जिलों के लिए भूकंप प्रतिरोधी गैर इंजिनियरिंग भवन निर्माण मार्ग निर्देशिका और Low Cost Bio Sand Filter क्रमशः कृषि एवं बागवानी, शैक्षणिक और सामाजिक विकास सैक्टर में पुरस्कार प्रदान करने हेतु चयनित की गईं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है–ः

1. चौधरी श्रवण कुमार विश्वविद्यालय पालमपुर के कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों डा. पी. के. मेहता, डॉ. पंकज सूद व अ.सी.एस. प्रभाकर द्वारा विकसित ईनोवेशन नामतः स्थानीय जेनेरिक पैरा फेरोमोन आधारित फल मक्खियों के खिलाफ प्राभावी बोतल जाल को कृषि व बागवानी क्षेत्र में वर्ष 2014–15 के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया। यह बोतल जाल किसानों को रसायनों का उपयोग किए बिना व लगभग 100 रू. प्रति जाल की कम लागत पर फसलों को मक्खियों के हमले से बचानें में मददगार सिद्ध होगा।

2. शैक्षणिक क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के सहायक प्रोफेसर (सिविल इंजीनियरिंग) डॉ. हेमन्त कुमार विनायक की ईनोवेशन **हिमाचल प्रदेश के जिलों के लिए भूकम्प प्रतिरोधी गैर इंजिनियरिंग भवन निर्माण मार्ग निर्देशिका** को वर्ष 2014–15 के लिए पुरस्कार के लिए चुना गया। ये गैर इंजीनियरिंग दिशा निर्देश राजमिस्त्रियों व निर्माण कार्य से जुड़े अन्य कुशल व अर्ध–कुशल श्रमिकों को भूकंप सुरक्षित निर्माण कार्यों में सहायक सिद्ध होंगे। ये दिशा निर्देश हि0प्र0 के सन्दर्भ में विशेषतः सहायक सिद्ध होंगे जहां अधिकतर क्षेत्र भूकंपीय जोन IV व V के अन्तर्गत आता है।

3. NGO-Social Awareness Through Human Involvement (SATHI) द्वारा घरेलू पानी को फिल्टर करने के लिए विकसित लागत प्रभावी तकनीक– बायो सैंड फिल्टर को सामाजिक विकास क्षेत्र के अन्तर्गत पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इस तकनीक के उपयोग से सिरमौर जिले के ग्रामीण इलाकों में जल जनित रोगों की दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

वर्ष 2014–15 के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य ईनोवेशन अवॉर्ड स्कीम के अन्तर्गत चयनित इन ईनोवेशन्स/विजेताओं को माननीय मुख्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश द्वारा 15 अप्रैल, 2016 को बिलासपूर जिला के घुमारवी में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया गया

## परिणाम रूपरेखा दस्तावेज–हिमाचल प्रदेश के लिए कार्य निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली (PMES)

प्रदेश में सरकारी विभागों के कार्यों के मूल्यांकन और निगरानी के लिए कार्य निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली को अपनाया गया है। PMES के अन्तर्गत प्रत्येक विभाग द्वारा प्रति वर्ष परिणाम रूपरेखा दस्तावेज (RFD) तैयार करना आवश्यक है।

यह तंत्र किसी विभाग द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षित उपलब्धियों के महत्वपूर्ण परिणामों का सारांश प्रदान करता है। इस दस्तावेज के दो मुख्य उद्देश्य हैं, (क) प्रक्रिया केन्द्रित विभागीय गतिविधियों को परिणाम केन्द्रित बनाना (ख) वर्ष के अन्त में विभाग के समग्र प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक निष्पक्ष व न्यायोचित आधार प्रदान करना।

## राज्य में आर0एफ0डी0

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार ने सरकारी कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए सभी सरकारी विभागों/बोर्डों/निगमों के लिए परिणाम रूपरेखा दस्तावेज तैयार करने हेतु कार्य निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली को अपनाया है। इस प्रणाली के अन्तर्गत सभी सरकारी विभागों/संगठनों के सम्मत उद्देश्यों, नीतियों और कार्यक्रमों को समयवद्ध ढंग से लागू करने के उद्देश्य से हर साल एक परिणाम रूपरेखा दस्तावेज तैयार करना आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा यह कार्यक्रम वर्ष 2011–12 से आरम्भ किया गया है और योजना विभाग राज्य स्तर पर पी0एम0ई0एस0 के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है।

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरम्भ में, सभी विभागों के लिए राज्य स्तर पर दिशा–निर्देश तैयार किये जाते हैं और इन दिशा–निर्देशों के अनुरूप परिणाम–रूपरेखा दस्तावेज तैयार करने के लिए योजना विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को जारी किये जाते हैं। किसी विशेष वर्ष के लिए बजटीय आबंटन के आधार पर, सम्बन्धित विभाग द्वारा ड्राफट RFDs तैयार कर RFMS साफटवेयर के माध्यम से आनलाईन अपलोड किया जाता है। राज्य स्तर पर इन डाफट RFDs की प्रशिक्षित रिर्सोस पर्सनज द्वारा प्रारम्भिक समीक्षा की जाती है तथा सम्बन्धित विभागों को इस समीक्षा की फीडबैक प्रदान की जाती है जिसके आधार पर विभागों द्वारा सुझावों को विभाग की RFD में सम्मिलित किया जाता है। तदोपरान्त राज्य स्तर पर योजना विभाग द्वारा इन संशोधित RFDs को अन्तिम रूप दिये जाने के पश्चात सम्बन्धित विभागों द्वारा अन्तिम RFDs उनकी वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी गतिविधियों को एक निश्चित समय अवधि के अन्दर पूरा किया जाना होता है। वित्तीय वर्ष के अन्त में, सभी विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य की तुलना में समग्र स्कोर का निर्धारण कर उपलब्धियो को अपलोड किया जाना होता है। समग्र स्कोर द्वारा विभाग की लक्षित उपलब्धियों का आकलन होता है। तत्पश्चात, सभी विभागों के संबंध में समग्र स्कोर को राज्य स्तर पर योजना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान कुल 40 विभागों/निगमों/बोर्डो द्वारा अपने–अपने विभाग/संगठन की आर0एफ0डी0 तैयार की गई है।

## VIII. कौशल विकास प्रभाग

कौशल विकास से सम्बन्धित कार्य राज्य में प्रशासनिक विभाग के रूप में योजना विभाग द्वारा समन्वित किया जा रहा है । वर्ष 2015–16 के दौरान राज्य में कौशल विकास से सम्बन्धित गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए निम्न कार्य किये गये।

- कौशल विकास वार्षिक योजना 2015–16 को सभी सम्बन्धित विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को शामिल कर तैयार की गई।
- हिमाचल प्रदेश कौशल विकास की मु0 640 करोड़ रूपये की पांरभिक परियोजना रिपोर्ट को एशिया विकास बैंक से बाहरी सहायता हेतु तैयार किया गया ।
- मु0 640 करोड़ रूपये की हिमाचल प्रदेश कौशल विकास की परियोजना की स्वीकृति हेतु भारत सरकार के वित विभाग से हर स्त्तर पर पत्राचार किया गया तथा आखिरकार भारत सरकार के बित विभाग से इस परियोजना की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई।
- हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के संविधान का ज्ञापन तैयार किया गया तथा राज्य मन्त्रिमण्डल के अनुमोदन के पश्चात निगम की अधिसूचना जारी की गई।
- वर्ष 2015–16 में अतिरिक्त मुख्य सचिव योजना, सलाहकार योजना व प्रबंधक निदेशक की अध्यक्षता में कौशल विकास से सम्बन्धित हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों व एशिया विकास बैंक द्वारा प्राधिकृत सलाहकारों के साथ समय –समय पर बैठकों का अयोजन किया गया ।
- कौशल विकास से सम्बन्धित विभागों से प्राप्त इनपुट / सहयोग के आधार पर हिमाचल प्रदेश के लिए कौशल विकास योजना का नीति दस्तावेज तैयार किया गया।
